हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 09अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट))

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक हासिल करने पर नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। एक संदेश में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा है कि देश, नीरज की उपलब्धि पर गौरवान्ति है और ये विजय भावी पीढियों को प्रेरित करती रहेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी नीरज चोपड़ा की प्रशंसा की और कहा कि नीरज ने तिरंगे का मान बढ़ाया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नीरज चोपड़ा को ओलंपिक में रजत पदक जीतने पर बधाई दी , उन्होंने कहा की नीरज चोपड़ा की उपलब्धि ने हम सभी को गौरवान्वित किया।
वही आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह से अपने आवास पर मिले और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की हरियाणा के सभी खिलाड़ियों पर हम सबको गर्व है और जल्द ही सभी खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय समारोह में किया जाएगा सम्मानित ।

****

पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे पानीपत के नीरज चोपड़ा ने भारत को पहला सिल्वर मेडल दिलाया है। उन्होंने फाइनल में 89.45 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर का थ्रो करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही नीरज के दूसरा ओलिंपिक मेडल जीतते ही पानीपत स्थित गांव खंडरा में जश्न शुरू हो गया। गांव में आतिशबाजी करने के अलावा लड्डू बांटे गए। भारतीय इतिहास में नीरज चोपड़ा 2 ओलिंपिक मेडल जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं।

****

पेरिस ओलिंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने 52 वर्षों में पहली बार लगातार दूसरा ओलिंपिक कांस्य पदक जीता। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और रिटायर होने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश के कुछ शानदार बचाव की मदद से स्पेन को 2-1 से हरा दिया और पदक मैच जीत लिया। 1972 में म्यूनिख में लगातार दो बार कांस्य पदक जीतने के बाद भारत ने पेरिस ओलिंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता है। इससे पहले 2020 में हुए टोक्यो ओलिंपिक में भी भारत ने कांस्य पदक जीता था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल करने पर हॉकी टीम को बधाई दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी भारतीय हॉकी टीम को उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल पेरिस में पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्यों से फोन पर बात की और खिलाड़ियों को स्पेन के खिलाफ उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों से फोन पर बात करते हुए भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को टीम का 'सरपंच' बताया। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि भारतीय हॉकी खेल के स्वर्णिम काल को पुनर्जीवित करेगी। हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक की जीतने पर पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रुपये और सहयोगी सदस्यों को साढे सात लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की

****

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महात्मा गांधी के नेतृत्व में आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने भारत छोड़ो आंदोलन को स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। इस अवसर पर एक वीडियो संदेश में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में भारत छोड़ो आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस से पहले अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रोफ़ाइल फोटो तिरंगे में बदल ली। श्री मोदी ने एक संदेश में लोगों को हर घर तिरंगा अभियान को एक बार फिर यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी साझा कर स्वतंत्रता का जश्न मनाने का आग्रह किया है।

****

हरियाणा सरकाए ने कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेशभर में लगभग 1 लाख 20 हजार अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को सेवानिवृत्ति की तिथि तक सुरक्षित रखने की गारंटी और उन्हें अधिक सुविधाएं देने के लिए अध्यादेश लाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की । इस अध्यादेश के अनुसार, राज्य सरकार ने प्रदेश के विभिन्न विभागों सहित हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत सभी अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को सेवानिवृति की अवधि तक सुरक्षित करने का प्रावधान किया है। 15 अगस्त, 2024 तक जिन अनुबंधित कर्मचारियों को 5 वर्ष पूरे हो जाएंगे वे इस नीति के तहत पात्र होंगे। अनुबंधित कर्मचारियों को पे-स्केल का बेसिक वेतन प्रदान किया जाएगा। साथ ही, महंगाई भत्ते (डीए) अलाउंस के अनुरूप नियमित कर्मचारी की तर्ज पर हर जनवरी और हर जुलाई की पहली तारीख को अनुबंधित कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि करने का भी प्रावधान किया है। अनुबंधित कर्मचारियों को 1 साल की सेवा के बाद सालाना वेतन वृद्धि देने का भी प्रावधान किया गया है। ऐसे सभी कर्मचारियों को डेथ-कम-रिटायरमेंट ग्रेच्युटी का लाभ भी मिलेगा। इतना ही नहीं, अनुबंधित कर्मचारी मेटरनिटी एक्ट के तहत मिलने वाले सभी लाभ के लिए भी पात्र होंगे। पीएम-जन आरोग्य योजना-चिरायु एक्सटेंशन योजना के तहत अनुबंधित कर्मचारियों के परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। 50,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक वेतन लेने वाले अनुबंधित कर्मचारी इस नीति के तहत पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा, केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के तहत कार्यरत कर्मचारियों पर यह फैसला लागू नहीं होगा।मंत्रिमंडल की बैठक में एक और बड़ा निर्णय लिया गया जिसमें उपरोक्त सुविधाओं और लाभों में से जो लाभ गेस्ट टीचर्स एक्ट में नहीं मिलते, अब वे लाभ गेस्ट टीचर्स को भी दिए जाएंगे।

****